डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

बुधवार

06 दिसंबर 2023

आपकी आवाज




दो भाइयों ने मिलकर बहन के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काट डाला 2



## बिहार के सात मजदूरों की कर्नाटक में मौत, सरकार देगी दो लाख मुआवजा

**केटी न्यूज/पटना**

कर्नाटक के विजयपुरा के आलियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक निजी खाद्य प्रसंस्करण इकाई के गोदाम में लगभग 100 टन मकई के बोरे के नीचे दब जाने से बिहार के सात मजदूरों की मौत हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस घटना पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बिहार के स्थानिक आयुक्त को स्थिति का जायजा लेने तथा हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने एवं मृत मजदूरों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिये सभी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार विजयपुरा में एक गोदाम में स्टोरेज यूनिट ढह जाने से 10 से अधिक श्रमिक अनाज से भरी बोरियों के नीचे फंस गए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, मक्के की प्रोसेसिंग करने वाली मशीनों में मक्के से भरे फनल लगे होते हैं, जो भारी होते हैं। इसके आंशिक रूप से ढह जाने से इसके नीचे काम कर रहे मजदूर फंस गए। ये मजदूर 100 टन मक्के के नीचे फंस गए। खोज एवं बचाव अभियान सोमवार शाम करीब छह बजे शुरू हुआ और मंगलवार सुबह 11 बजे तक चला।

## केस स्टडी तैयार करने के साथ ही शोध को बढ़ावा दें शिक्षकः योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के अंतर्गत कार्यक्रम को किया संबोधित
- बोले- जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को करते हैं कमजोर

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर करते हैं। 2017 के पहले प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से होने वाली मौतें इनके चेहरों को बेनकाब करती थीं। 40 वर्षों में इंसेफेलाइटिस से पचास हजार से अधिक बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन जाति-जाति करने वाले लोग वोट बैंक की राजनीति करते रहे, जो उनकी संवेदनहीनता को प्रदर्शित करती है। आज उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह से नियंत्रण में है। इससे होने वाली मौतों में 96 से 98 प्रतिशत तक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा और आयुष से जुड़े लेक्चरर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और चिकित्सा शिक्षा से जुड़े कॉलेजों के प्रिंसिपल नियमित ओपीडी में बैठें। जितने भी पेशेंट देखें, उनकी केस स्टडी तैयार करें। साथ ही चिकित्सा शिक्षा में शोध को बढ़ावा दें।

सीएम योगी ने मंगलवार को लोकभवन में 'मिशन रोजगार' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में विकास की बात तो दूर, यहां के लोगों के सामने पहचान का संकट था। साढ़े छह वर्षों में हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का नतीजा है कि आज यहां का व्यक्ति अपनी पहचान छिपाता नहीं है, बल्कि जो यूपी का नहीं है, वह भी खुद को उत्तर प्रदेश का बताता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले साढ़े छह वर्ष में उत्तर प्रदेश ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को काफी बेहतर किया है। 1947 से 2017 तक प्रदेश में केवल 12 मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। आज उत्तर प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें कई क्रियाशील भी हो चुके हैं।

### सीएम योगी ने वितरित किया नियुक्ति पत्र

सीएम योगी ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स, 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने के लिए आपातकालीन एंबुलेंस सेवा के अंतर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस को हरी झंडी भी दिखाई।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए हमारी सरकार ने जो कार्य किए हैं उसके परिणाम भी हम सबके सामने हैं। आयुष्मान भारत और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत प्रदेश के 10 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर दिया जा रहा है। डायलिसिस की सुविधा प्रदेश के 72 जनपदों में उपलब्ध करवाई जा चुकी है। हर जिले में आईसीयू स्थापित हो चुके हैं। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं को आगे बढ़ाने के क्रम में 108 और 102 की एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम को न्यूनतम स्तर पर लाने के प्रयास के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर लखनऊ में अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी बन रही है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा मौजूद रहे।

## खबरें फटाफट

### कोटा में सुसाइड केस पर रोक लगाने के लिए बने आयोगः सुमो



**पटना।** राजस्थान के कोटा में स्थित कोचिंग संस्थानों के कई छात्रों ने आत्महत्या की है। राज्यसभा में मंगलवार को भाजपा सांसद सुशील मोदी ने कहा कि कोटा में इस वर्ष अभी तक 26 छात्रों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी में भी बड़ी संख्या में नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से एक आयोग बनाने की मांग की, जो पता लगाए कि इतनी बड़ी संख्या में छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं। राज्यसभा में कहा गया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में मेंटल हेल्थ क्लिनिक की स्थापना की जाए। डिप्रेशन में गए छात्र या किसी प्रकार का प्रेशर में जी रहे छात्र, इन मेंटल हेल्थ क्लीनिक में जाकर अपना इलाज कर सकें या फिर काउंसलिंग प्राप्त कर सकें। सुशील मोदी ने बताया कि बीते 5 वर्षों में प्रतिवर्ष लगभग 25-30 छात्रों ने यहां कोटा में आत्महत्या की है। यह वे छात्र थे जो कोटा के विभिन्न कोचिंग इंस्टिट्यूट में मेडिकल या फिर इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने आए थे। इसके साथ ही कहा कि उच्च शिक्षण संस्थान और कोचिंग इंस्टिट्यूट में काउंसलर और एक्सपर्ट्स की बहाली की जाए। ये काउंसलर और एक्सपर्ट उन छात्रों की काउंसलिंग और मदद कर सकेंगे जो पढ़ाई या अन्य प्रेशर के कारण डिप्रेशन में चले गए हैं।

### बिहार कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देगी सरकार

- वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए बिहार इलेक्ट्रॉनिक वाहन नीति 2023 को मिली मंजूरी
- 15 वर्ष पुराने सभी सरकारी वाहनों को स्क्रैपिंग सुविधा की मिली मंजूरी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से बिहार इलेक्ट्रॉनिक वाहन नीति 2023 को कैबिनेट से स्वीकृति दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अपर मुख्य सचिव डा एस सिद्धार्थ ने बताया कि बिहार इलेक्ट्रॉनिक वाहन नीति 2023 के तहत राज्य सरकार ने दो पहिया से लेकर चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहन की खरीद पर सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। नई नीति के तहत राज्य में पहले 10 हजार इलेक्ट्रॉनिक दोपहिया वाहन की खरीद पर सरकार पांच हजार रुपये प्रति वाहन की सब्सिडी देगी। इसके साथ ही रोड टैक्स में भी 75 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी।

वहीं तीन पहिय यात्री वाहन की खरीद और निबंधन पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी। इसी प्रकार चार पहिया यात्री वाहन के पहले एक हजार की खरीद पर सरकार एससी व एसटी वर्ग के खरीददारों के 10 हजार रुपये प्रति किलोवाट और अधिकतम डेढ़ लाख तक अनुदान देगी। इस वर्ग में सामान्य वर्ग के खरीददारों को अधिकतम 1.25 लाख की छूट दी जायेगी। बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत राज्य में चार्जिंग स्टेशनों रि स्थापना पर भी सब्सिडी दी जायेगी। पहले 300 एसी चार्जर के लिए प्रति चार्जर उपकरण की खरीद पर 75 प्रतिशत और 25 हजार स्थापना के लिए अनुदान दिया जायेगा। इसमें अधिकतम डेढ़ लाख तक अनुदान मिलेगा। इसी प्रकार से डीसी चार्जर में पहले 300 को प्रति चार्जर मशीन की खरीद पर 75% व स्थापित करने के लिए 25 हजार और अधिकतम डेढ़ लाख सब्सिडी दी जायेगी। इसके अलावा 15 वर्ष पुराने सभी सरकारी वाहनों को स्क्रैपिंग सुविधा की स्वीकृति दी गई।



### पटना हाईकोर्ट में विभिन्न कोटि के 81 पदों के सृजन की स्वीकृति

बिहार के 33 राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थानों में द्वितीय चरण में सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना है। आगामी 2 वर्षों में कुल 122 करोड़ 86 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। साथ ही 55 करोड़ 2 लाख की राशि जारी की गई है। हिलसा के तत्कालीन अंचल अधिकारी राजवर्धन गुप्ता को सेवा से बर्खास्त किया गया है। बिहार जिला परिषद सेवा शर्त नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है। पटना उच्च न्यायालय की स्थापना में आईटी संवर्ग में विभिन्न कोटि के 81 पदों के सृजन की स्वीकृति मिली है बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय योजना के तहत 13 आवासीय विद्यालय के लिए 481 शिक्षकों के नए पद सृजन की स्वीकृति मिली है। कैबिनेट ने बिहार कर्मचारी राज्य बीमा योजना प्रयोगशाला संवर्ग नियमावली 2023 की स्वीकृति दी है।

### युवाओं को कौशल की शिक्षा के लिए फंड की व्यवस्था

राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों में एआई, रोबोटिक्स, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन, इलेक्ट्रीक वेहिकल, ड्रोन टेक्नोलॉजी आदि की शिक्षा के लिए व्यवस्था करने को भी फंड की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा उद्योग जगत में वर्तमान मांग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न संस्थानों में जरूरी कौशल सिखाने के लिए भी फंड की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बिहार विज्ञापन संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है। बैठक में बिहार सचिवालय सेवा संशोधन नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई है।

### दंत चिकित्सा सेवा नियमावली 2023 को दी गई मंजूरी

कैबिनेट ने दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में विभिन्न कोटि के कुल 33 पदों के सृजन को अपनी स्वीकृति दे दी है। साथ ही बिहार दंत चिकित्सा सेवा नियमावली 2023 को भी मंजूरी मिल गई है।

**पटना पाइरेट्स को प्रायोजित करने को मिली हरी झंडीः** वहीं, बिहार में कबड्डी खेल को बढ़ावा देने बिहार की ब्रांडिंग राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर करने के लिए प्रो कबड्डी लीग की पटना पाइरेट्स टीम को बिहार वित्त नियमावली के तहत बिहार खेल प्राधिकरण द्वारा प्रायोजित किए जाने के संबंध में स्वीकृति मिली है।

वहीं मोतिहारी में 2000 क्षमता के प्रेक्षागृह निर्माण के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन की राशि 47 करोड़ 77 लाख 20 हजार 300 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वहीं बेतिया में भी 2000 क्षमता के प्रेक्षागृह निर्माण के लिए 47 करोड़ 91 लाख 45 हजार रुपए की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

## घर में बैठे राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी/जयपुर**




राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। दो अज्ञात बदमाश स्कूटी पर आए और सुखदेव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। यह घटना उस दौरान हुई, जब वह अपने घर में बैठे थे। बताया जा रहा है कि पुलिस मुठभेड़ भी एक हमलावर नवीन शेखावत भी मारा गया है। घटनाक्रम दोपहर करीब 1.45 बजे का है। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को तत्काल नजदीकी मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और पुलिस की एक टीम हॉस्पिटल भी पहुंची है। शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर भी भेजी गई थी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं। बताया जा रहा है कि सुखदेव को तीन से चार हमलावरों ने नजदीक से मारी और फरार हो गए। वहीं एक हमलावर की पहचान करने के बाद पुलिस ने उसकी घेराबंदी की, इस दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग की और जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने हमलावर को मार गिराया।

जानकारी के मुताबिक श्याम नगर स्थित घर में कूदकर अज्ञात चार बदमाशों ने करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को गोली मारी। साथ ही उनके गनमैन नरेंद्र को भी गोली मारी गई। कहा जा रहा है कि लॉरेंस विश्नोई गैंग के संपत नेहरा ने पूर्व में सुखदेव सिंह को धमकी दी थी। तब मामले को लेकर जयपुर पुलिस को ज्ञापन दिया गया था।

**फिल्ममेकर भंसाली को मारा था थप्पड़ः** सुखदेव सिंह गोगामेड़ी उस समय चर्चा में आ गए थे जब फिल्म पद्मावती के शूटिंग के दौरान प्रसिद्ध निर्देशक संजय लीला भंसाली को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने उन्हीं के सेट पर जाकर थप्पड़ मार दिया था। गोगामेड़ी ने पद्मावती फिल्म के खिलाफ निरंतर मोर्चा खोलकर पूरे देश में इसका विरोध किया था।



### सीएम योगी के विजन अनुसार यूपीएसआरटीसी बस बेड़े के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को देगा गति

## उप्र में 1000 नई बसों को बेड़े में जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू

- इस क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 400 करोड़ रुपए होंगे खर्च, दूसरी किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए हुए जारी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में रोडवेज बसों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने व नई 1000 बसों को बेड़े में जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएम योगी के विजन के अनुसार, वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के बेड़े में 1000 अत्याधुनिक बसों को जोड़े जाने के लिए 400 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। ऐसे में, हाल ही में हुई कैबिनेट बैठक में बसों के बेड़े के सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को मंजूरी देते हुए अब 400 करोड़ रुपए के सापेक्ष दूसरी किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी गई है। इससे पहले, पहली किस्त के तौर पर 200 करोड़ रुपए का धनवांटन किया जा चुका है। ऐसे में, कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए अवशेष धनराशि जारी होने के बाद अब अत्याधुनिक बसों की खरीद व फ्लीट में शामिल होने की प्रक्रिया में तेजी आएगी, साथ ही पुरानी बसों के रखरखाव व मरम्मत प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

**उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार प्रक्रिया की जाएगी पूरीः** इन 1000 बसों के क्रय व बेड़े में शामिल की जाने की प्रक्रिया को वित्तीय वर्ष 2023-24 के भीतर पूर्ण करने का टारगेट रखा गया है। इस संबंध में सभी क्रय व सुदृढ़ीकरण प्रक्रिया को परिवहन आयुक्त की देखरेख में उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक के अनुसार पूर्ण किया जाएगा। बसों के कार्बन उत्सर्जन को कम से कम रखने के लिए पर्यावरणीय नियमों/अधिनियमों व ईआईए अधिसूचना 2006 (संशोधित) के आधीन वांछित पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने, पर्यावरणीय नियमों व न्यायालयों के निर्गत आदेशों के अनुपालन को भी सुनिश्चित किया जाएगा। खास बात यह है कि प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रदेश में लोगों को यूपीएसआरटीसी की बसों में यात्रा करना न केवल पहले की अपेक्षा सुविधापूर्ण व आरामजनक होगा बल्कि उन्हें सुखद यात्रा के नए अनुभव भी प्रदान करेगा।

### राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए धनराशि जारी

वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए भी कई कार्यों की पूर्ति व व्यय मद के लिए धनावंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुपूरक बजट के माध्यम से प्रावधानित धनराशि की सापेक्ष 82 लाख रुपए की धनराशि को प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति के बाद जारी कर दिया गया है। इस धनराशि का इस्तेमाल स्थानांतरण यात्रा व्यय, गाड़ियों के अनुरक्षण व पेट्रोल खरीद तथा पुनरीक्षित वेतन के अवशेष (राजकीय) के तौर पर किया जाएगा। आवंटित की गई धनराशि को बजट मैनुअल व फाइनेंशियल हैंडबुक के नियमों के अनुसार खर्च किया जाएगा।

# सघन जांच के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर सकेंगे अभ्यर्थी: डीएम

**शिक्षक नियुक्ति परीक्षा**

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल एवं कदाचार मुक्त संचालन के मद्देनजर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौरतलब हो कि औरंगाबाद जिले में 08, 09 एवं 10 दिसंबर को पूर्वाह्न 12 बजे से 2:30 बजे तक यह परीक्षा आयोजित की जानी है। ज़िला अंतर्गत कुल 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। निर्देश दिया गया कि सभी केंद्राधीक्षक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्रो पर लाइट, पेय जल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, स्मार्ट वॉच एवं किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा। साथ ही सभी केंद्राधीक्षक यह आश्वस्त हो लेंगे कि सघन जांच के उपरांत ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाय।

शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के कदाचार मुक्त संचालन हेतु स्टैटिक, जोनल एवं उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। साथ ही पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की भी पर्याप्त मात्रा में प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जिला अपना प्रबंधन शाखा में नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है। इस समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, एडीएम पीजीआरओ जय प्रकाश कुमार, डीटीओ शैलेश कुमार दास, एसडीएम विजयंत, वरीय उप समाहर्ता फतेह फैयाज, डीसीएलआर स्वेतांक लाल, वरीय उप समाहर्ता अमित कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे।

## हर्ष फायरिंग पर रोक के लिए पहल... मैरिज हॉल पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर, कानून तोड़ा तो होगी दो साल की जेल



**औरंगाबाद।** शादी-विवाह समेत सांस्कृतिक एवं सामाजिक समारोह तथा किसी भी खुशी के माहौल में रुतबा दिखाने को लेकर हर्ष फायरिंग करना अब महंगा पड़ जाएंगा जिसको लेकर पुलिस अब सख्त है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नवीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने थाना अंतर्गत मैरीज हॉल के मालिकों के साथ बैठक की। इस बैठक में समाजिक परिवारिक अयोजन के साथ-साथ विवाह - शादी मे हर्ष फायरिंग को रोकने और कानून प्रावधान के संबंध मे चर्चा की गई। सभी मैरेज हॉल के मालिक द्वारा कानून व्यवस्था का अनुपालन करने का भरोसा दिया गया है। थानाध्यक्ष ने मैरीज हॉल के मालिक यथा संचालक को आवश्यक निर्देश दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध हथियार से फायरिंग करने वाले तो सीधे जेल जाएंगे ही, साथ ही लाइसेंसी हथियार से इस तरह की घटना करने वालों की अनुज्ञप्ति रद्द होगी और उन्हें 2 साल की जेल और एक लाख का जुमार्ना भी लगेगा। इन मामलों में तत्काल गिरफ्तारी का आदेश दिया है।

**एक नजर**

## अब्दुलबारी नगर भवन में युवा राजद का कार्यकर्ता सम्मेलन कल, तैयारी पूरी

**जहानाबाद।** युवा राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता सम्मेलन 7 दिसम्बर यानि गुरूवार को शहर स्थित अब्दुलबारी नगर भवन में आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए युवा राजद के जिलाध्यक्ष पिन्टू कुमार उर्फ छोटू यादव ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जगह-जगह होडिंग, बैनर एवं पोस्टर लगाए गए हैं। कार्यक्रम में पार्टी के प्रति समर्पित हजारों युवा कार्यकताओं की उपस्थिति होगी। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्धिकी एवं सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव करेंगे। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव शामिल होंगे। साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जहानाबाद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश दास, पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव, डॉ सच्चितानंद यादव, सूबेदार दास सहित राजद के कई वरीय नेता शामिल होंगे। श्री यादव ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर गांव-गांव जाकर युवाओं से अपील किया गया। बड़ी संख्या में युवा राजद के कार्यकर्ता कड़ौना स्थित बॉडर के समीप अतिथियों को जोरदार स्वागत करेंगे।

## शैक्षणिक भ्रमण पर निकले यादव कॉलेज के छात्र, प्राचार्य ने किया दल को रवाना




**औरंगाबाद।** शैक्षणिक अंचल के राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद के छात्र-छात्राएं सोमवार को शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुए। इस मौके पर यादव कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने कहा कि उनके महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं का दल रोहतास किला, आइना महल, रोहतासन मंदिर, जामा मस्जिद और हब्शी खान का मकबरा, हथिया पोल की भ्रमण के लिए रवाना हुआ है। परिभ्रमण दल को रवाना करने से पहले प्राचार्य ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। शिक्षा का जीवन में बहुत बड़ा महत्व हैं। शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों के अंदर बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास होता है। इस मौके पर भ्रमण दल के साथ समाजशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेक कुमार, मुकेश कुमार, रवि रंजन त्रिपाठी, आदि शामिल थे। छात्रों ने पहाड़ों के रास्ते चढ़ने और उतरने के दौरान 16 किलोमीटर का पैदल ट्रैकिंग किया। लेफि्टनेंट विवेक कुमार ने शैक्षणिक परिभ्रमण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मकसद छात्र-छात्राओं को महज किताबी ज्ञान ही सुलभ कराना नहीं है अपितु व्यवहारिक तौर पर प्रसिद्ध स्थलों की सैर कराना व उनके सामाजिक, ऐतिहासिक, धार्मिक महत्वों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराना भी शिक्षा का उद्देश्य है।

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव टीम को जहानाबाद डीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**जहानाबाद।** जहानाबाद कला संस्कृति एवं विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में छपरा जिले में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 6 से 8 दिसंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली 30 सदस्यीय टीम मंगलवार को छपरा के लिए रवाना हो गई। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने टीम को कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी एवं साथ में टीम को समहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान टीम की हौसला अफजाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी ,सामान्य शाखा प्रभारी ,प्रभारी जिला सूचना एवम जन संपर्क पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।राजस्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला का प्रतिनिधित्व करने वाले टीम में 20 युवा छात्र छात्राये,संगत कलाकार एवम समन्वयक शिक्षक मौजूद हैं। राहुल कुमार, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा द्वारा सभी आवश्यक त्यारियो के साथ दल को प्रस्थान करने की व्यवस्था संपन्न की गई।

**खबरें फटाफट**

### ईट भट्ठा पर शराब की बिक्री करता धंधेबाज धराया

**औरंगाबाद।** ईट भट्ठा से एक कारोबारी को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया कारोबारी बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी पिंटू पासवान है। इसके पास से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली की सोन दियारा अंतर्गत एक ईट भट्ठा पर शराब की बिक्री की जा रही हैं जिसके अलोक में पहुंची पुलिस ने धंधेबाज युवक को धर दबोचा। इसके बाद उसके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### अवैध गिट्टी लदा हाइवा जब्त, चालक भेजा गया जेल

**औरंगाबाद।** अवैध गिट्टी लदा एक हाईवा मदनपुर थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। साथ ही एक चालक को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया चालक झारखंड राज्य के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरा सिकनी गांव निवासी निखिल यादव हैं। थानाध्यक्ष शशी कुमार राणा ने बताया कि यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के एनएच-19 स्थित पाठक बिगहा मोड़ के समीप की गई। जहां संदेह के आधार पर एक हाइवा को रोक कर जरूरी दस्तावेज की मांग की गई लेकिन चालक प्रस्तुत नहीं कर सका। तत्पश्चात हाइवा को जब्त कर थाना लाया गया और चालक को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### वाहन की टक्कर से एक की मौत

**मखदुमपुर।** सोमवार की देर रात पटना गया राष्ट्रीय मार्ग के मखदुमपुर बाजार स्थित काली मंदिर के समीप अज्ञात वाहन के धक्के एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक स्थानीय थाना क्षेत्र के नेर गांव निवासी मुकेश कुमार उर्फ कारू शर्मा बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात मखदुमपुर थाने की पुलिस गस्त लगा रही थी, तभी काली मंदिर के समीप सड़क पर एक व्यक्ति को गंभीर अवस्था मे देखा। मौके पर पहुंची पुलिस तो व्यक्ति ने दम तोड़ दिया था।

**औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के निगीडी गांव का मामला**

# दो भाइयों ने मिलकर बहन के प्रेमी को कुल्हाड़ी से काट डाला, पांच गिरफ्तार

- आरोपियों ने शव को नहर में फेंक दिया, जिससे मामला हत्या का नहीं बल्कि दुर्घटना का लगे
- आरोपी भाइयों ने तीन साथियों के साथ मिलकर बहन को झांसे में रख प्रेमी को बुलवाया, फिर उसकी हत्या कर दी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



औरंगाबाद में सनसनीखेज मामला सामने आया है, जब भाइयों ने मिलकर बहन के प्रेमी की हत्या कर दी। मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के निगीडी गांव का है। बताया जा रहा कि दो भाइयों ने मिलकर अपनी बहन के आशिक को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार दिया। यही नहीं आरोपियों ने शव को नहर में फेंक दिया, जिससे मामला हत्या का नहीं बल्कि दुर्घटना का लगे। मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी को आरोपी कुंदन समीर की निशानदेही पर घटनास्थल के पास से ही बरामद किया गया।

एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान ने इसकी जानकारी दी है। एसडीपीओ ने बताया कि 27 नवंबर को सूचना मिली थी कि मदनपुर थाना क्षेत्र के लोहसी टोले मुर्गी बिगहा गांव के पास एक शव मिला। ये शव उत्तर कोयल नहर से बरामद हुआ। थानाध्यक्ष मदनपुर शशि कुमार राणा ने बताया कि जिस शख्स का शव मिला उसकी उम्र 32 वर्ष के करीब थी। शव को देखने पर ऐसा लगा कि उसकी हत्या की गई है। हालांकि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। तत्पश्चात थानाध्यक्ष उस शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे पहचान के लिए 72 घंटे सुरक्षित रखा। एसडीपीओ ने बताया कि पूरा मामला प्यार-मोहब्बत से जुड़ा था। आरोपियों में एक की बहन का मृतक शख्स से अफेयर था। भाइयों को जब इसका पता चला तो उन्होंने युवक को समझाने की कोशिश की। हालांकि, वो नहीं माना तो इसी के बाद आरोपी भाइयों ने वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा कि आरोपी भाइयों ने तीन साथियों के साथ मिलकर बहन को झांसे में रखकर महेंद्र को बुलवाया। फिर प्लानिंग के तहत उसकी हत्या कर दी गई।

28 नवंबर की सुबह शव की पहचान की गई। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के ही छालीदोहर गांव निवासी तेज नारायण यादव के पुत्र महेंद्र यादव के रूप में की गई। परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर पांच नामजद अभियुक्त के विरुद्ध मदनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसके बाद एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर घटना की तकनीकी और मानवीय जांच कर केस का खुलासा कर दिया।


## नवीनगर में बंद घर से मिला सेवानिवृत शिक्षिका का शव

**औरंगाबाद।** एक बंद मकान से सेवा निवृत शिक्षिका को शव को नवीनगर पुलिस ने बरामद किया है। महिला की पहचान थाना क्षेत्र के मंगल बाजार निवासी 80 वर्षीय लीलावती सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार लीलावती नि:संतान थीं। वह घर में अकेले रहती थी। पति की मौत पहले ही हो चुकी है। इस दौरान प्रतिदिन की तरह एक युवक अखबार पहुंचाने जाता था लेकिन गत दो दिनों से मकान की दरवाजा बंद देख आस-पास के लोगों से उसने बंद का कारण पुछा, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। इसके बाद उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके अलोक में पहुंची पुलिस ने बल पूर्वक दरवाजा खोला तो देखा कि महिला की मौत हो चुकी है और उसके शव से दुर्गंध आ रही थी। वहीं घटना की सूचना उनके अन्य परिजनों को दी गई है। लीलावती बालिका मध्य विद्यालय नवीनगर से करीब 10 वर्ष पहले सेवा निवृत हुई थी। इसके बाद उन्होने अपना मकान नवीनगर में ही बना लिया था और विगत कई वर्षों से उक्त जगह रह रही थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया के अनुसार महिला की मौत स्नान के दौरान गिरने से हुई लग रही है।

## पूजा कर बनारस से लौटने के दौरान ट्रेन से गिरकर पटना के युवक की मौत, दोस्त जख्मी

- दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हाल्ट के समीप की मंगलवार की सुबह की घटना
- जख्मी युवक का हाथ कटा गंभीर स्थिति में पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**




दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर जमीरा हाल्ट के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेन से गिरकर पटना निवासी एक युवक की मौत हो गयी। उसका दोस्त गंभीर रुप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक पटना के खगोल खाना क्षेत्र के जमालउद्दीन चक निवासी सुरेंद्र प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र रहीस कुमार था। वह पेशे से वीडियो ग्राफर था। जख्मी युवक उसी गांव का निवासी स्व.रवि प्रसाद का 24 वर्षीय पुत्री रोहित कुमार है। उसका बाया हाथ कट कर धड़ से अलग हो गया है। रहीस कुमार के भाई मुकेश कुमार ने बताया कि सोमवार की रात दोनों दोस्त पूजा वाराणसी पूजा करने गये था। मंगलवार की सुबह दोनों ट्रेन से दानापुर लौट रहे थे। दोनों गेट के पास बैठे थे। उसी दौरान दोनों ट्रेन से गिर पड़े। उसमें उसके भाई रहीस कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त रोहित कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद जीआरपी थाना द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए उसे पटना रेफर कर दिया गया।

**घर से जाना था बड़ी बहन का तिलक, भाई का आ गया शव, घर में कोहराम:** बताया जा रहा है कि रहीस कुमार अपने तीन भाई और चार बहनों में छोटा था। उसकी बड़ी बहन कविता का मंगलवार की शाम तिलक जाना था। उसे लेकर घर में खुशी का माहौल था। उस बीच सुबह में भाई की मौत की खबर आ गयी। उससे घर में खुशी का माहौल मातम में बदल गया। घर में कोहराम मच गया। देखते ही देखते घर चीखने-चिल्लाने की आवाज गूंजने लगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत, बेटा जख्मी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई जबकि 32 वर्षीय बेटा गंभीर रूप से जख्मी हों गया। मामला एनएच -19 पर मदनपुर थाना क्षेत्र के रानी कुआं मोड़ के समीप की हैं। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के नावाडीह मुहल्ला स्थित वार्ड नंबर 21 निवासी मो. मुमताज अहमद एवं उनके बेटे शादाब उर्फ राजू के रुप में की गई हैं। जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र व्यवसाय के सिलसिले से मदनपुर गए हुऐ थे। जहां सोमवार की शाम वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में रानी कुआं मोड़ के समीप पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जहां मौके पर बुजुर्ग की मौत हो गई और युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई जिनके सहयोग से दोनों को सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया जबकि युवक इलाजरत है।



**औरंगाबाद पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों को लौटाई मुस्कान**

# पुलिस ने चोरी हुए मोबाइल रिकवर कर 45 लोगों को लौटाए

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



पुलिस ने जिले में ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाकर 45 लोगों के चोरी, छिनतई या गुम हुए मोबाइल को बरामद कर, इनके मालिकों को सूचना देकर थाना बुलाया और मोबाइल को लौटाया। अपने खोए हुए मोबाइल को पाकर लोगों के चेहरे पर एक झलक मुस्कान देखने को मिला। महीनों के बाद अपने गुम हुए मोबाइल को पाकर लोगों ने पुलिस को धन्यवाद देते हुए कहा कि वो मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुकी थी, जब थाने से गुम हुए मोबाइल फोन मिलने की सूचना मिली तो खुशी दोगुनी बढ़ गयी।

उन्होंने कहा कि आज के जमाने में मोबाइल इंसान की सबसे बड़ी जरूरत का हिस्सा बन गया है, परेशानी तब बढ़ जाती है जब ये मोबाइल फोन कहीं गुम हो जाते हैं क्योंकि आपकी बहुत सारी निजी जानकारियां आपके मोबाइल फोन में ही होती हैं। इस मौके पर पुलिस अधिक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम, सदर अनुमण्डल पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां एवं उपाधीक्षक मुख्यालय नव वैभव ने फोन वितरण किया। एसपी ने कहा कि आज 45 लोगों को उसका चोरी हुए मोबाइल को बरामद कर लौटाया गया। बाकी अन्य को भी बुलाकर उनका मोबाइल लौटाया जायेगा। एसपी ने लोगों से अनुरोध कर कहा कि चोरी की मोबाइल को नहीं खरीदे और कोई चोरी की मोबाइल बेचने आये तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। सदर अनुमण्डल पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां जिन लोगों का मोबाइल फोन खोया रहता है उसे मोबाइल के ईएमआई नंबर और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर उसे ट्रैक किया जाता है। मोबाइल ओनर्स के सही और पूरी जानकारी उपलब्ध कराने के बाद पीड़ित को मोबाइल वापस किया जाता है। मोबाइल की बरामदगी और उसे सकुशल वापस पाने के बाद लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# अनोखी परंपरा... पंचकोशी आज, जिले के सभी घरों में बनेगा लिट्टी चोखा

केटी न्यूज/बक्सर

बुधवार की शाम बक्सर जिले के सभी घरों में एक ही व्यंजन बनेगा। सभी लोग लिट्टी चोखा ही खाएंगे। त्रेता युग से चली आ रही यह परंपरा आज भी कायम है। बता दें कि बुधवार को पंचकोशी है। त्रेता काल में इस दिन भगवान श्रीराम व उनके अनुज लक्ष्मण ने महर्षि विश्वामित्र के आश्रम चरित्रवन में बिताए थे तथा रात में लिट्टी चोखा खाए थे। इस परंपरा के निर्वहन के लिए आज भी पंचकोशी परिक्रमा की जाती है। इसके पहले चौथे दिन पंचकोशी परिक्रमा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था उद्दालक ऋषि के आश्रम पहुंचा। जहां अंजनी सरोवर में स्नान तथा पूजा पाठ के बाद परंपरागत तरीके से सतू मूली का प्रसाद ग्रहण किए। वही रात में भजन कीर्तन का दौर चलते रहा। यही से सुबह में श्रद्धालु अंतिम पड़ाव चरित्रवन बक्सर के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां लिट्टी व चोखा का प्रसाद ग्रहण करने के बाद बसांव मठिया में रात गुजार इस यात्रा का समापन करेंगे।




पौराणिक मान्यता के अनुसार पंचकोशी परिक्रमा के चौथे दिन भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण को सत्तू-मूली खिलाकर महर्षि उद्दालक ने उनकी आवभगत की थी। जिसके उपलक्ष्य में पंचकोसी के चौथे पड़ाव नुआंव में सत्तू एवं मूली प्रसाद के रूप में खाया जाता है। इससे पहले भभुअर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह श्रद्धालु एवं संत-महात्मा नुआंव पहुंचे। यहां अंजनी सरोवर में स्नान कर हनुमानजी तथा माता अंजनी के मंदिर में जाकर उन्हें मत्था टेके। फिर सत्तू-मूली का प्रसाद खाकर रात्रि विश्राम किए।

**बसांव पीठाधीश्वर ने श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया सतू व मूली:** पंचकोशी परिक्रमा समिति के अध्यक्ष सह बसांव पीठाधीश्वर श्री अच्युत प्रपन्नाचार्यजी महाराज के सान्निध्य में अंजनी सरोवर की परिक्रमा कर बसांव मठ के संतों द्वारा सत्तू-मूली प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर वहां कथा-प्रवचन का आयोजन भी हुआ। जिसमें परिक्रमा में शामिल संतो ने कथा के माध्यम से महर्षि उद्दालक एवं बाल हनुमान तथा माता अंजनी के जीवन चरित्र का वर्णन किया। इस दौरान सुदर्शनाचार्य जी महाराज, रोहतास गोयल, डॉ रामनाथ ओझा, सूबेदार पांडेय, राजीव पांडेय, महावीर वर्मा समेत अनेको लोग शामिल रहे। मान्यता है कि उद्दालक आश्रम के समीप ही राम भक्त हनुमान की माता अंजनी अपने पुत्र के साथ रहती थी।

**पूर्व संध्या से ही चरित्रवन पहुंचने लगे है श्रद्धालु:** पंचकोशी परिक्रमा के अंतिम दिन हजारों की संख्या में लोग बक्सर के चरित्रवन इलाके में लिट्टी चोखा बनाकर खाते है। मान्यता है कि जो इस परिक्रमा में शामिल नहीं होता है वह भी अंतिम दिन यदि बक्सर पहुंच लिट्टी चोखा बनाकर खाता है तो उसे यात्रा का पूण्य मिल जाता है। इस कारण पूर्व संध्या से ही दूर दराज के श्रद्धालुओं का जत्था बक्सर पहुंचने लगे है। कई लोग अपने रिश्तेदारों के यहां शरण लिए है तो कुछ होटल व रेस्तराओं में भी रूम बुक करवाए है। पूर्व संध्या पर बक्सर के सभी लॉज व होटल फूल हो गए थे।

# मॉडल शहरों की तरह विकसित होगा डुमरांव, वार्डों का तैयार होगा टाउन प्लान

## नागरिक सुविधाओं पर फोकस, विभाग ने दिया निर्देश

अमरनाथ केशरी/डुमरांव

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र मॉडल शहर की तरह विकसित होगा। सूबे की सरकार ने नगर निगम और नगर परिषद वाले 58 नगरों में मूलभूत नगरीय सुविधा देने की योजना बनायी है। जिसमें डुमरांव नगर परिषद भी शामिल है। इन योजनाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 466 करोड़ 29 लाख रुपये भी आवंटित किये गये है। डुमरांव नगर परिषद के विस्तारित होने के बाद 35 वार्डों में बंटकर इसकी आबादी बढ़कर 90452 हो गयी है। नप क्षेत्र के शहरीकरण होने से आबादी भी बढ़ी, जिसको लेकर विभाग ने सभी मूलभूत नगरीय सुविधाओं को समाहित करते हुए टाउन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया है। जिसमें भीड़ कम करने, मौजूद विरासत को संरक्षित करने, हरित क्षेत्र, पार्क, ओपन जिम सहित अन्य विकास पर काम होगा।

नगर विकास एवं आवास विभाग ने निकायों से बोर्ड की बैठक कर जल्द ही परियोजना स्वीकृति का प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देश दिया है। बताया जाता है कि डुमरांव को विकसित करने के लिए मुख्य रूप से 11 प्रमुख बिंदुओं पर समुचित तौर से फोकस करके सुविधाएं विकसित की जायेगी। इसमें सबसे अहम विस्तारित क्षेत्र विकास परियोजना शामिल है। इसके लिए कई प्रमुख सुविधाएं विकसित होंगी। भीड़ कम करने के लिए स्थानीय योजना तैयार किये जायेंगे। डुमरांव में जलापूर्ति नेटवर्क, नाला एवं ड्रेनेज का निर्माण, सीवरेज नेटवर्क बनाना, भुगतान करके उपयोग किये जाने वाले शौचालय, ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र, विरासत अपशिष्ट के लिए उपलब्ध भूमि के अलावे सड़क निर्माण, ओवरब्रिज या अंडर पास तथा शवदाह गृह भी परियोजना में शामिल किया गया है। डुमरांव नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि विभागीय निदेर्शों का पालन करते हुए शीघ्र ही बोर्ड से सहमति लेकर टाउन प्लान तैयार किया जायेगा।




### 12 गांवों को मिलेगा शहरी लाभ

डुमरांव नप के दायरा बढ़ने के बाद नई निकाय सरकार में 12 गांवों को भी शहरी लाभ मिलेगा। पुराना भोजपुर, नया भोजपुर, बनकट, महरौरा, मोहम्मदपुर, हकीमपुर, खिरौली, मठिया सहित 12 गांवों के विकास के मामले में बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाओं को प्राथमिकता से लागू कर पहली बार गांव से शहर में जुड़ी क्षेत्र और वहां के ग्रामीणों को शहरी सुविधा मिल सके तथा उन गांवों का विकास शहर के रूप में होकर विकसित हो सके ताकि नप क्षेत्र में जुड़ने के बाद उन गांवों का तस्वीर तेजी से बदले।

### शाहाबाद का सबसे पुराना है नगर परिषद

शहर की साफ-सफाई और लोगों की सुविधा को लेकर डुमरांव में नगरपालिका का गठन 1868 ई० में किया गया। यह नगरपालिका शाहाबाद का सबसे पुराना नगरपालिकाओं में शुमार है। उस समय डुमरांव राज परिवार द्वारा अध्यक्ष का मनोनयन होता था। इसकी देखरेख और निगरानी को लेकर शहर के चार लोगों को रखा जाता था। वहीं लोग वार्ड कमिश्नर कहलाते थे। आबादी के अनुसार संख्या बढ़ती गयी। आजादी के बाद नगरपालिका सरकार के अधीन आया और चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गयी। जैसे-जैसे आबादी बढ़ी वैसे-वैसे वार्डों की संख्या में इजाफा होने लगा।

## खबरें फटाफट

### सड़क दुघर्टना में जख्मी शिक्षिका की इलाज के दौरान मौत

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के चनवथ मिडिल स्कूल की एक शिक्षिका बीते सप्ताह सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गई थी। जिसकी मौत इलाज के दौरान हो गई। मृतका बक्सर चीनी मील निवासी आरती कुमारी बताई जाती है। इधर शिक्षिका की मौत पर मंगलवार को विद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शिक्षक एवं छात्रों ने दो मीनट की मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। विद्यालय के प्राधानाध्यापक राजा राम ने बताया कि मृतका विद्यालय में बीते 21 नवम्बर को योगदान की थी। जो बीते 28 नवम्बर को शाम 4 बजे के बाद विद्यालय संचालन की छुट्टी होने के बाद बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर को लौट रही थी। खलवा इनार के पास शिक्षिका बाइक पर अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गई थी। जख्मी हालत में शिक्षिका का उपचार वाराणसी ट्रामा सेंटर में चल रहा थी। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर शिक्षिका की मौत की खबर विद्यालय में मंगलवार दोपहर को हुई। जिसके बाद विद्यालय में शोक सभा आयोजित कर शैक्षणिक कार्य बंद हो गया।

## ब्रह्मपुर विधायक के बेटे के तिलक समारोह में चक्की पहुंचे राजद सुप्रिमो

# कमजोर नहीं है कांग्रेस, 2024 में केन्द्र से मोदी राज का होगा सफाया: लालू यादव

- विधायक ने पहनाया चांदी का मुकुट, राजद सुप्रिमो के हाथों कराया माता पिता की प्रतिमा का अनावरण

केटी न्यूज/चक्की

कांग्रेस कमजोर नहीं हुई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इस बात के प्रमाण मिल जाएंगे। आगामी लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में मोदी राज समाप्त हो जाएगा। उक्त बातें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को चक्की गांव में कही। अवसर था ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ सिंह के छोटे बेटे अमरेश यादव के तिलक समारोह का। दिन में ही संपन्न हुए तिलक समारोह में शामिल होने लालू प्रसाद आए थे। चक्की पहुंचते ही कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वही ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ ने चांदी का मुकुट पहना उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने लालू प्रसाद यादव के हाथों अपने माता पिता की प्रतिमा का अनावरण भी करवाया। अपने संबोधन में लालू यादव ने मुख्य रूप से तिलकोत्सव समारोह पर फोकस किया। उन्होंने स्थानीय विधायक की तारीफ करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में दियारा क्षेत्र का बहुत विकास हुआ है। अब तेजस्वी यादव के साथ मिल विकास ये विकास की गति को और बढ़ाएंगे। उन्होंने तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत का खास तवज्जों नहीं दिया और बताया कि लोकसभा चुनाव कुछ अलग अंदाज में होने जा रहा है। वही राजद सुप्रीमो के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नया भोजपुर चौक से लेकर चक्की गांव तक भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ताकी कही से कोई चूक न हो जाए। हालांकि इस कार्यक्रम में राजद प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह शामिल नहीं हुए। लेकिन पोस्टर में उनकी तस्वीर लगी थी। वही मौके पर बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, डुमरांव विधायक डा. अजित कुमार सिंह, राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह, सिमरी प्रखंड अध्यक्ष अमीरी लाल यादव, अंगद यादव समेत राजद के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।








# फरार अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाएं, पुलिस गश्त बढाएं थानाध्यक्ष: एसपी

केटी न्यूज/डुमरांव



डुमरांव थाने में सोमवार की रात्रि पहर एसपी मनीष कुमार ने औचक निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान फाइलों का अवलोकन किया तथा कई फाइलों में त्रुटियों के बाद क्लास लगायी। एसपी ने थानाध्यक्ष को लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने का निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में थाना क्षेत्र में पुलिस की गश्ती बढ़नी चाहिए। इसके साथ ही शराब और शराब के धंधेबाजों के खिलाफ मुहिम चलाकर छापेमारी करने की हिदायत दी।

एनएच 120 सहित अन्य सड़को पर वाहन चेकिंग तेज करने तथा बाजार सहित होटल, रेस्टोरेंट, बैंक व एटीएम के आसपास संदिग्धों पर पैनी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाते हुए जेल के सलाखों में भेजने की कार्रवाई करें। कई इलाकों में देसी शराब के धंधेबाज पनप रहे है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उस पर कार्रवाई करे। साथ ही पुलिस-पब्लिक मैत्री को बढ़ावा देकर शराब के धंधेबाजों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके लिए पुलिस की टीम अच्छे लोगों से संपर्क स्थापित करे। एसपी ने हिदायत देते हुए कहा कि भूमि विवाद के मामले को लेकर शनिवार के दिन थाना परिसर में पीड़ितों की बात सुन उसे निपटाने की कार्यवाही में तेजी लाएं।

# नदी में उतराया मिला ननिहाल आए तीन वर्षीय मासूम का शव, दो दिन से था गायब

- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लरई में था ननिहाल, तुर्कचकिया गांव के पास ठोरा नदी में मिला शव

केटी न्यूज/बक्सर



ननिहाल से 3 दिन पहले गायब हुए एक तीन वर्षीय मासूम का शव मंगलवार को ठोरा नदी में उतराया मिला। शव मिलने के बाद जहां परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेने के बाद मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि अभी तक यह रहस्य बना हुआ है कि मासूम की मौत कोई हादसा है या साजिश। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लरई गांव में यूपी के गाजीपुर जिला अंतर्गत रेवतीपुर गांव के अभिषेक राय का ससुराल है। जहां किसी शादी समारोह में शामिल होने अभिषेक की पत्नी अपने 3 वर्षीय बेटे सार्थक राय के साथ आई थी। रविवार को ननिहाल में दरवाजे पर खेलने के दौरान अचानक वह बच्चा गायब हो गया। परिजन काफी खोजबीन किए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई। पुलिस अपने स्तर से इस मामले की तफ्तीश कर रही थी, इसी बीच मंगलवार को सुबह में तुर्कचकिया गॉव के समीप ठोरा नदी में बारहपुलिया के समीप एक शव मिला है। जिसकी पहचान बच्चे के परिजनों ने कर पुलिस को सुचना दिया। मौके पर पहुंच मुफस्सिल थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिजनों में मातम पसरा है। घर में मांगलिक गीतों की जगह क्रंदन चित्कार सुनाई पड़ रही है। जबकि पुलिस मासूम की मौत की गुत्थी सुलझाने में जुट गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया की दो दिन पूर्व बच्चा गायब होने की सूचना मिली थी। पुलिस उसकी तलाश कर ही रही थी कि इसी दौरान मंगलवार को सुबह नदी में लाश उतराने की जानकारी मिली। जिसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। वही घटना के हर बिंदु पर जाँच भी की जा रही है।

## ऑनलाईन गेम खेलते युवती को हुआ युवक से प्यार, घर छोड़ भागी

**बक्सर।** इंटरनेट पर ऑन लाईन गेम की लत युवाओं पर किस कदर भारी पड़ रही है। इसकी बानगी मंगलवार को बक्सर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिली। जब आरपीएफ की टीम ने फ्री फायर के चक्कर में घर छोड़ भागी एक युवती को बरामद किया। बाद में आए उसके परिजनों को आरपीएफ की टीम ने युवती को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के कोतुलपुर जिला के बांकुरा निवासी एक युवती को फ्री फायर खेलने की लत लग गई थी। इस गेम को खेलने के दौरान लखनउ के सन्नी कुमार नामक युवक से उसे प्यार हो गया। सन्नी लखनउ के किसी होटल में शेफ का काम करता है। युवती सन्नी से मिलने के लिए अपने घर से भाग निकली।

# सिकरौल में कट्टा व कारतूस के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

केटी न्यूज/डुमरांव

सोमवार की रात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने लोड़ेड कट्टा व कारतूस के साथ पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी सिकरौल पुलिस के द्वारा घोनसारी पुल के पास हुई। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक बाइक पर दो युवक आर्म्स के साथ रोहतास के मेदनीपुर की तरफ से सिकरौल थाना क्षेत्र में आ रहे है। जिसके थाना थानाध्यक्ष विरेन्द्र कुमार यादव को टीम बनाकर छापेमारी के लिए लगाया है। उसी दौरान घोनसारी पुल के समीप बाइक आते दिखी। जिसे रोका गया तो दोनों भागने लगे। जिसके बाद पीछा कर पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास एक डबल बैरल का देशी कट्टा व चार जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दोनों की पहचान रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र में अवाढ़ी गांव निवासी योगेन्द्र प्रकाश सिंह व जितेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। दोनों पिता पुत्र है।

## मध्य विद्यालय रूपसागर में सामानों की चोरी

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के मिडिल स्कूल रुपसागर से अज्ञात चोरों ने होम थिएटर एवं अन्य सामान चुराकर ले भागने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सूचना देने के साथ नावानगर थाना में आवेदन दिया है। प्रधानाध्यापक ने बताया है कि उनके विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने पांच पंखा, स्मार्ट क्लासेज के प्रोजेक्ट, होम थिएटर एवं अन्य सामान लेकर भाग गए।

## बक्सर डीएम ने हरी झंडी दिखा टीम को किया रवाना, आज से शुरू हो रहा महोत्सव

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने कलाकारों का जत्था सारण रवाना

केटी न्यूज/बक्सर

सारण ( छपरा ) में 6 से 8 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल होने के लिए बक्सर के प्रतिभागी कलाकारों का जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। डीएम अंशुल अग्रवाल ने उन्हें हरी झंडी दिखा रवाना किया। इसके पहले डीएम ने टीम में शामिल युवाओं को शुभकामनाएं भी दी। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीते सितम्बर माह में नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रवाना किया गया। वही समन्वयक अनुराग मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 9 विधा में प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें समूह लोक गीत, समूह लोक नृत्य, एकांकी, नाटक, एकल गायन, मूर्ति कला, चित्रकला, फोटोग्राफी आदि विधाओं के लिए कलाकार शामिल है। जो अपना प्रदर्शन करेंगे। बक्सर जिले की टीम में 17 बालिका और 11 बालक शामिल है। कलाकारों के साथ कोच के रूप में बालिकाओ के साथ समा परवीन और बालकों के साथ मनीष कुमार शशि जा रहे है। कलाकारों में ज्योति कुमारी, मुस्कान कुमारी, सूरज कुमार, प्रेम कुमार, ऋषिकेश कुमार, सतीश पांडेय, कुसुम कुमारी, रतन दुबे, रूपम कुमारी, चांदनी कुमारी, मोहम्मद शाहिद अंसारी, अभिषेक कुमार दुबे, प्रकाश कुमार, सोनी कुमारी, पलक कुमारी, गोल्डी कुमारी, नंदनी कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, जूही कुमारी, पूजा कुमारी, पूजा पांडेय शामिल है।




**जिला स्तरीय युवा उत्सव में अव्वल प्रतिभागियों का हुआ है चयन:** बता दें कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए जिला स्तरीय युवा महोत्सव सह स्क्रीनिंग में सभी विधाओं में औव्वल स्थान लाने वाले प्रतिभागियों का चयन किया गया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया था। जिस कारण राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी इनसे बेहतर करने की उम्मीद जगी है। बालक वर्ग के कोच मनीष कुमार शशि ने बताया कि इस बार बक्सर की टीम में काफी प्रतिभावन युवा शामिल है। निश्चित ही इस बार बक्सर को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में बेहतर स्थान मिलेगा।



# मेडिकल कॉलेज के 19 शिक्षक व कर्मचारियों को सौंपा गया नियुक्ति पत्र

**केटी न्यूज/चंदौली**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोक भवन लखनऊ में चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।इसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में सैयदराजा विधायक सुशील सिंह, जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने जनपद के 19 चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया और आह्वान किया कि सरकार की जो चिकित्सा क्षेत्र में मानसिकता है उसके अनुरूप कार्य करें ताकि चिकित्सा क्षेत्र में प्रदेश के साथ-साथ जनपद का नाम भी रोशन हो। इस दौरान बाबा कीनाराम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (सम्बद्ध पं० कमलापति त्रिपाठी जिला संयुक्त चिकित्सालय चन्दौली) चिकित्सा शिक्षकों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि आज पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर किया गया है। आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत लोगों का पांच लाख रुपए तक निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है। चिकित्सक का धर्म है सबका समान भाव से इलाज करे, किसी के साथ भेदभाव न करे। आयुष विभाग में डाक्टरो की तैनाती की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर सभी ओपीडी में बैठे और लोगो का इलाज करे। चार वर्ष के प्रयास में इंसेफ्लाटिस को पूर्ण रूप से नियंत्रित किया गया है। सभी नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक सैयदराजा सुशील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बहुत ही गम्भीर है।

मुख्यमंत्री जमीनी स्तर से जुड़े होने के कारण लोगों की समस्याओं को बेहतर तरीके से जानते है। जिसके लिए उनके द्वारा निरन्तर स्वास्थ्य सेवाओ को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका परिणाम भी दिख रहा है। सभी नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षको को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग पूरी तन्मयता के साथ लोगो का इलाज करे। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरी पारदर्शी ढंग से नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आप लोग कड़ी मेहनत करके यहां तक पहुँचे है। सभी लोग अपने पदीय दायित्वो का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में जनपद के एक नव नियुक्त चिकित्सक को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही जनपद में सैयदराजा विधायक सिंह, जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. वाई के राय द्वारा नवनियुक्त 19 लोगो को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दिलीप सोनकर सुरेश मौर्य डॉक्टर उर्मिला सिंह सतीश सिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर का भव्य स्वागत



**बलिया।** प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर जिले के प्रभारी बनने के बाद मंगलवार को पहली बार बलिया पहुंची। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव समेत अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। हनुमानगंज स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष नीलम सोनकर वोटर चेतना महा अभियान की संगठनात्मक बैठक के निमित्त जनपद आगमन पर कहा कि पार्टी की ओर से मुझे जो जिम्मेदारी दी गयी है उसका अच्छे से निर्वहन किया जाएगा। पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करना मेरी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में पार्टी के जो भी कार्यक्रम होंगे उन सभी को अच्छे से संचालित करना है। कहा कि हर हाल में 2024 के चुनाव में फिर से कमल खिलेगा तभी नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री बनेगें । इसके लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अभी से लग जाएं। कहा कि पूरा विश्व प्रधानमंत्री जी की बात सुनता है। जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि 2024 में मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सबको संकल्प लेना पड़ेगा। सरकार द्वारा जनहित में बहुत सारे काम किए जा रहे हैं। इसको लोगों तक बताना है।साथ ही जो जरुरत मंद इससे वंचित हैं उनको इसका लाभ भी दिलवाना है। इस मौके पर पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी, विजय बहादुर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, संजय मिश्रा, अमिताभ उपाध्याय, मनोरमा गुप्ता, रंजना राय, प्रदीप सिंह, अशोक यादव, कृष्णा पाण्डेय, सतबीर सिंह, प्रमोद सिंह, अश्विनी सिंह,जावेद कमर खां, मोतीचंद गुप्ता, सत्येन्द्र सिंह, भरत राय? , उमेश सिंह आदि लोग रहे।

### 14वीं पुण्यतिथि पर 400 जरूरतमंदों को वितरित किया गया कंबल, दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के झोटारी स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज के प्रबंधक लालजी यादव के पिता फौजदार यादव की 14वीं पुण्यतिथि पर 400 जरूरतमंद बुजुर्ग महिला- पुरुषों को कंबल और मिष्ठान वितरण किया गया। इसका का शुभारंभ खटिया बाबा मठ के मठाधीश बालक दास ने पूजन अर्चन करने के बाद फौजदार यादव के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। उसके बाद आधे दर्जन ग्रामसभा से आए जरूरतमंद को कंबल वितरित किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए प्रबंधक लालजी यादव ने कहा कि ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। ऐसे मौसम से बचने के लिए कंबल का होना बहुत जरूरी है। बहुत से ऐसे जरूरतमंद हैं। जिनके पास कंबल नहीं हैं । उनको कंबल मिलेगा तो ठंड से काफी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को जो जरूरतमंद हैं उनको भी कंबल वितरित करना चाहिए । उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं इण्टर कॉलेज के प्रबंधक राजेश मद्धेशिया ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा परमार्थ के बराबर है। यह सबको करना चाहिए। बहुत से लोग हैं, जो बुजुर्गों को सेवा भाव करने में लापरवाही बरतते हैं। ऐसे लोगों को दिखावे के लिए यह कार्य नहीं करना चाहिए। लालजी यादव की तरफ से कंबल वितरण किया गया है, यह एक पुनीत कार्य है, हर लोगों को करना चाहिए। इस मौके पर प्रबंध निदेशक अनिल यादव, प्रधान हरकेश यादव, भाजपा नेता अशोक यादव, उज्जवल कुमार राजा, रामअवध यादव, दीपक यादव, महेंद्र यादव, मनोज, दिनेश, रंगीला सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे।

### शिकायत के बावजूद नहीं बदला गया जला हुआ ट्रांसफार्मर, घरों में अंधेरा

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सिखडी कुमार के पूरा मौजा में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर 20 दिन पूर्व जल गया। इससे 100 घरों में अंधेरा छा गया। इसकी शिकायत दर्जनों बार बिजली विभाग के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव ने दी, लेकिन आज तक ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। इसके चलते 100 घरों में अंधेरा कायम है। प्रधान वीरेंद्र यादव ने कहा कि जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया, तो विवश होकर ग्रामीणों के साथ चक्काजाम के लिए बाध्य होंगे। इसमें सारी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 85 लोगों का हुआ चेकअप, मिले 40 मोतियाबिंद के मरीज

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धामूपुर स्थित परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को समाजसेवी अनिकेत चौहान के नेतृत्व में जिला नेत्र सर्जन डॉ. स्नेहा सिंह, नेत्र चिकित्सक मनोज कुमार ने आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कैंप लगाकर 85 लोगों को निःशुल्क चेकअप और दवा तथा जल्दी मोतियाबिंद का ऑपरेशन पूरी तरह से निःशुल्क किया जाएगा। इस सिलसिले में नेत्र सर्जन स्नेहा सिंह ने बताया कि 40 मोतियाबिंद के मरीज मिले हैं। जिनको दवा देकर जल्द ही जिले पर मोतियाबिंद का निः शुल्क ऑपरेशन और चश्मा दिया जाएगा। साथ ही 45 लोग ऐसे थे, जो निकट दृष्टि और एलर्जी की समस्या के मरीज हैं। जिनको निःशुल्क दवा दी गई। इस सिलसिले उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि पांच वर्ष के बच्चों का भी आंख का चेकअप जरूर कराए, क्योंकि बच्चों में आंख के इंफेक्शन होते हैं, तो बच्चे कुछ बता नहीं पाते और परिजन की लापरवाही बच्चों की रोशनी भी ले सकती है। ऐसे में हर लोगों से अपील है कि अपने बच्चों का भी निःशुल्क में चेकअप जरूर करवा दें, ताकि पता लग सके की आंख की रोशनी सही है। इस मौके पर समाजसेवी अनिकेत चौहान, नंदलाल जी, फार्मासिस्ट सुरेश चौरसिया, रंजना जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### दीपू पासवान हत्याकांड में एक और वांक्षित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** दीपू पासवान हत्याकांड में एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मंगलवार को सहतवार थाने के उप निरीक्षक अशोक कुमार शुक्ला मय हमराह हेड कां. मुकेश कुमार यादव, कां. सुरेन्द्र कुमार यादव व दुर्गेश पटेल ने मुखबिर खास की सूचना धारा 34, 302 भादवि व 3 (2) 5 एससी/एसटी एक्ट के अभियोग में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन के आधार पर वांछित अभियुक्त मनीष कुमार वर्मा पुत्र नेपाल वर्मा (निवासी कुशहर, सहतवार, बलिया) को त्रिकालपुर चट्टी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### डीआईजी ने शहर कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

**गाजीपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र द्वारा थाना कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान डीआईजी ने महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस, बैरक इत्यादि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इसके बाद पुलिस लाइन गाजीपुर में राजपत्रित अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई। मीटिंग के दौरान विभिन्न अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की समीक्षा भी हुई। शाम को महाराजगंज कस्बा क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस में शांति एवं सुरक्षा की भावना का संचार भी किया गया।

### टोटो ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, अस्पताल में मौत

**गाजीपुर।** शादियाबाद थाना क्षेत्र के सराय सदकर गांव के पास तेज रफ्तार टोटो के धक्के से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि ई-रिक्शा समेत चालक को पकड़ लिया गया है। दूसरी ओर वृद्ध की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जिले के शादियाबाद क्षेत्र के सराय सदकर गांव के पास सादात की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार टोटो ने साइकिल सवार 65 वर्षीय वृद्ध रामजन्म पाल को धक्का मार दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया।

### दो पशु तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** शादियाबाद पुलिस द्वारा 13 गौवंश (बछड़ा) और एक तमंचा व एक कारतूस के साथ दो अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार। चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा व सैदपुर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार उपनिरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह थाना शादियाबाद द्वारा मुखबिर की सूचना पर खतीरपुर पुलिया से 13 गौवंश एवं एक तमंचा और एक कारतूस गिरफ्तार शुदा दो अभियुक्त रामप्रवेश पांडेय पुत्र रामराज पांडेय निवासी चकिया थाना करंडा गाजीपुर अजय यादव पुत्र राजेश यादव उर्फ भुड़कू निवासी वरिया का चालान कर दिया गया।

## बलिया के जिलाधिकारी ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण

# स्कूल में मिली कई खामियों पर भड़के डीएम प्रधानाध्यापिका को सस्पेंड करने का आदेश

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंगलवार को शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के शंकरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों एवं अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। साथ ही एमडीएम रजिस्टर में पिछले तीन दिन के बच्चों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, कक्षा और शौचालय की गंदगी, पेयजल की अव्यवस्था,पंजीकृत छात्र छात्राओं की संख्या के सापेक्ष कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका रीलम सिंह को बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सस्पेंड करने का निर्देश दिया। इसी दौरान विद्यालय परिसर में गांव के ग्राम प्रधान ने अवैध कब्जे द्वारा धान की पराली एवं ईंट रखने और गाय भैंस बांधने के मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके पर ग्राम प्रधान को बुलाकर पूछताछ कर फटकार लगाई और बांसडीह थाने के एसओ को बुलाकर 2 घंटे के अंदर सभी वस्तुओं के हटवाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान से कहा कि पहले भी आपने इस प्रकार के अवैध रूप से वस्तुएं रखी थी,जिसे जिला विकास अधिकारी के माध्यम से हटवाया गया था। उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए चेतावनी दी कि आगे से इस प्रकार की शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा जाएगा। प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक और शिक्षामित्र मिलाकर कुल बारह शिक्षक हैं। विद्यालय में कुल 138 बच्चे पंजीकृत हैं,इनमें से मौके पर 61 बच्चे ही पाए गए।दिसंबर तक विद्यालय को निपुण बनाने का लक्ष्य रखा गया है। एआरपी और एसआरजी को सहयोग कर फीडबैक दिया जा रहा है। इस विद्यालय की व्यवस्था सुधारने में ग्राम प्रधान ने भी सहयोग किया है। ग्रांट के रूप में मिली 90 प्रतिशत राशि खर्च हो गई है।

इसके बाद जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापिका से पूछा कि कायाकल्प योजना के अंतर्गत कितने पैरामीटर पर विद्यालय संतृप्त है, तो प्रधानाध्यापिका ने बताया कि लगभग सभी 19 पैरामीटर पर विद्यालय संतृप्त है जैसे पेयजल, हैंडपंप, बालक- बालिकाओं के लिए अलग शौचालय एवं दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था, विद्यालय के कमरों के फर्श पर टाइल्स के साथ-साथ रसोईघर के फर्श पर भी टाइल्स लगा था। बच्चों को बैठने के लिए डेस्क ब्रेन्च की व्यवस्था थी। जिलाधिकारी ने रसोई घर में जाकर रसोइयों से बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने प्रधानाध्यापिका को शौचालय,विद्यालय परिसर और रसोई घर के साफ सफाई के निर्देश दिए। विद्यालय के परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति पंजिका को चेक किया।



### होम्योपैथिक चिकित्सालय का किया निरीक्षण

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने विद्यालय निरीक्षण के दौरान ही पास स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, शंकरपुर का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका चेक किया तो पाया कि एक डॉक्टर बिना प्रार्थना पत्र दिए अनुपस्थित मिला,इस पर जिलाधिकारी ने उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने वहां उपस्थित कुछ पेशेंट से चिकित्सालय में सही दवाओं के मिलने, डॉक्टरों की उपस्थिति, समय से चिकित्सालय खोलने आदि के बारे में पूछताछ की तो उन्होंने साकारात्मक जवाब दिया और कहा कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित होती है।

### घूस लेते रंगेहाथ पकड़े गए लेखपाल व सहयोगी

**बांसडीह।** जमीन पैमाइश के एवज में पांच हजार रूपए मांगना लेखपाल व उनके सहयोगी को भारी पड़ गया। इंस्पेक्टर बृजेश द्विवेदी के नेतृत्व में एंटी करप्शन आजमगढ़ की टीम ने लेखपाल नवीन कुमार खरवार व सहयोगी चुन्नू कुमार गोंड को रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने दोनों को बांसडीह कोतवाली ले जाकर केमिकल से दोनों के हाथों को धुलवाया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी सूरज बिंद ने अपनी जमीन के पैमाइश के लिए उपजिलाधिकारी बांसडीह को आवेदन दिया था। जिसमें हल्के के लेखपाल नवीन खरवार द्वारा पैमाइश के लिये पांच हजार रुपये की मांग की जा रही थी। पीड़ित द्वारा जमीन की पैमाईश के लिए पैसे की मांग किए जाने पर उसने इसकी शिकायत एंटी करप्शन को दी। उसके बाद आजमगढ की एन्टी करप्शन टीम ने पीड़ित से संपर्क कर मंगलवार को बांसडीह तहसील पर आ धमकी। तहसील पर आने के बाद टीम ने अपने दो सहयोगियों को लेखपाल के कमरे में शिकायतकर्ता के साथ भेजी। शिकायतकर्ता ने लेखपाल को पैसा दिया, लेकिन लेखपाल ने वहां बैठे व्यक्ति चुन्नू कुमार गोंड को इशारा कर पैसे लेने को कहा। जैसे ही चुन्नू कुमार गोंड ने पैसा लिया, तब तक एन्टी करप्शन की टीम ने चुन्नू कुमार गोंड को धर दबोचा और दोनों को कोतवाली लेकर चली गई। इसके तुरंत बाद लेखपाल संघ के अध्यक्ष कोतवाली पहुंच कर अपने सहयोगी को छुड़ाने की मांग करने लगे।

## विभाग ने हरियाली के नाम पर पूरा किया कोरम, डीएफओ ने दिया जांच का निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के देवकली ब्लाक स्थित चौमुखधाम से है, जहां चौमुखधाम से 200 मीटर दूर कुटी में वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर सिर्फ टहनी लगाई गई है। गाजीपुर में हरियाली लाने और पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए शासन की तरफ से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहे है। कार्यक्रम पर करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया जा रहा है। बावजूद इसके शासन की मंशा के अनुसार कहीं भी हरियाली नहीं दिखाई दे रही है। सवाल उठाने वाले वन विभाग की कार्यशैली को जिम्मेदार ठहराते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो से वन विभाग की हकीकत सामने आ गई है, जहां हकीकत का पता चलने पर ग्रामीणों के पैरों तले जमीन खिसक गई। वन विभाग की टीम ने डाल से टहनी को काटकर फोटोग्राफी के लिए जमीन में लगा दिया था। कुटी के महंत ने बताया मेरे बिना परमिशन के लोग आए और पेड़ से टहनियां तोड़कर जमीन में थाला बनाकर गाड़ दिया। जब सारी टहनियों को जमीन में गाढ़ दिया गया। तब वन विभाग के लोग आए और फोटो वीडियो बनाकर चले गए। गांव के समाजसेवी संतोष यादव ने भी बताया कि वन विभाग के दरोगा के द्वारा इससे पहले भी ऐसे ही कार्य किया गया है।

## बाइक की टक्कर में महिला की मौत, दो गंभीर

**केटी न्यूज/मऊ**

सरायलखंसी थाना क्षेत्र के गोकुलपुरा चल्हा गांव के पास सर्विस लेन पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक मोटरसाइकिल पर सवार महिला की इलाज के दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। बताया जाता है कि लीला देवी पत्नी रामु 45 वर्ष निवासी कुसमौर थाना सरायलखांसी अपने पुत्र मुकेश 16 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने मैके सुल्तानीपुर से घर आ रह थी, जैसे ही रानीपुर थाना क्षेत्र के गोकुलपुरा चल्हा गांव के पास सर्विस लेन सड़क पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रहा अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार गोलू पुत्र रामकरण 19 वर्ष निवासी पिरूवां थाना रानीपुर की आमने-सामने तक जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें तीनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां तीनों की हालत को गंभीर देख चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया । लीला देवी की रास्ते में ही मौत हो गई ।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि दोनों युवकों को मऊ के ही एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।



## पंडित दिनदयाल उपाध्याय स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाने की दिशा में रेलवे की महत्वपूर्ण पहल

# डीडीयू स्टेशन पर कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाने का काम शुरू

**केटी न्यूज/पीडीडीयू नगर**



पंडित दिनदयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेन के पहुंचते ही यात्रियों में कोच तक जाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। परिवार और सामान के साथ दिक्कतों का सामना होता है । इससे निजात दिलाने के लिए रेलवे ने पूर्व मध्य रेलवे के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाने का काम शुरू हो गया है। इससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर कोच तक पहुंचने के लिए दौड़ लगानी नहीं लगानी पड़ेगी। पिछले दो वर्षों से यहां कोच इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगा था। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही थी।

एक तरफ डीडीयू स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने की तैयारी की जा रही है। दूसरी तरफ इतने महत्वपूर्ण स्टेशन के प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगा है। पूर्व में कोच इंडिकेशन बोर्ड के संचालन की जिम्मेदारी सिग्नल विभाग के पास थी। दो से ढाई वर्ष पहले इसके खराब होने के बाद इसे हटा दिया गया। इसके स्थान पर नहीं बोर्ड नहीं लगाया गया। एक वर्ष पहले यहां निजी कंपनी के सहयोग से कोच इंडिकेशन बोर्ड (सीआईबी) लगाने की योजना तैयार की गई। इसके लिए ठेका भी दे दिया गया और कंपनी की ओर से प्लेटफार्म संख्या एक पर कंट्रोल रूम बनाया गया और इंडिकेशन बोर्ड लगाने की तैयारी शुरू की लेकिन अचानक पता नहीं क्यों काम बंद कर दिया गया। जंक्शन से प्रतिदिन 110 से अधिक ट्रेनों का आवागमन होता है। यहां प्रतिदिन 20 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों पर सवार होते हैं और उतरते हैं।सीआईबी न होने से यात्रियों को ट्रेनों के कोच की स्थिति का पता नहीं चल पाता है। इससे ट्रेन के पहुंचने पर यात्रियों को कोच तक पहुंचने के लिए दौड़ लगानी पड़ती है। कई बार ट्रेन छूटने की भी आशंका रहती है। इस समस्या को देखते हुए एक बार फिर से सिग्नल विभाग ने सीआईबी लगाने की जिम्मेदारी सभाली। इसके बाद सीआईबी लगाने का काम शुरू हुआ। केबल बिछाया जा चुका है और बोर्ड लगाने का काम शुरू हो चुका है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नवंबर माह के अंतिम तक बोर्ड काम शुरू कर देगा। इससे लोगों को कोच की सही स्थिति पता चल सकेगी। इस संबंध में मंडल जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुविधा रेलवे की प्राथमिकता में है। सीआईबी लगाने का काम शुरू हो चुका है। इसी महीने के अंत तक इसे चालू कर दिया जाएगा।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259266
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक